छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

पंचम विधान सभा | षष्ठम् सत्र | अंक-01

<u>रायपुर, सोमवार, दिनांक 24 फरवरी, 2020</u>

(फाल्गुन 5, शक संवत् 1941)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (डॉ. चरणदास महंत) पीठासीन हुए।)

1. राष्ट्रगीत/राज्यगीत

राष्ट्रगीत **"वन्दे मातरम्"** एवं राज्यगीत "**अरपा पइरी के धार**" की धुन बजाई गई ।

2. राज्यपाल का अभिभाषण

अध्यक्ष महोदय की घोषणानुसार माननीय राज्यपाल महोदया के आगमन की प्रतीक्षा की गई।

माननीय राज्यपाल महोदया का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ।

(राष्ट्रगान जन गण मन की धुन बजाई गई।)

माननीय राज्यपाल महोदया ने अभिभाषण दिया।

(राष्ट्रगान जन गण मन की धुन बजाई गई।)

माननीय राज्यपाल महोदया ने चल समारोह के साथ सभा भवन से प्रस्थान किया।

(अध्यक्ष महोदय (डॉ. चरणदास महंत) पीठासीन हुए।)

माननीय अध्यक्ष के आदेश के अनुसरण में प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा माननीय राज्यपाल द्वारा सभा में दिये गये अभिभाषण की प्रति सभा पटल पर रखी गई ।

3. राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव

श्री धनेन्द्र साहू, सदस्य द्वारा कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया कि माननीय राज्यपाल महोदया ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए छत्तीसगढ़ विधान सभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं।

डॉ.लक्ष्मी ध्रुव, सदस्य ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

माननीय अध्यक्ष द्वारा माननीय राज्यपाल महोदया के अभिभाषण पर चर्चा के लिए दिनांक 26 एवं 27 फरवरी, 2020 की तिथियाँ निर्धारित करने तथा उक्त प्रस्ताव पर सोमवार, दिनांक 24 फरवरी, 2020 को सायं 5.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में संशोधन प्राप्त करने की घोषणा की गई ।

पूर्वाह्न 11.50 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 25 फरवरी, 2020 (फाल्गुन 6, शक संवत् 1941) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

चन्द्र शेखर गंगराड़े

प्रमुख सचिव

छत्तीसगढ़ विधान सभा